PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Rashtriya Sahara, Delhi
Tue, 20 Jun 2017, Page 1
Width: 12.11 cms, Height: 19.15 cms, a4, Ref: 34.2017-06-20.6

आधी रात को संसद से होगा जीएसटी अमल का ऐलान

■ नई दिल्ली।

सरकार स्वतंत्र भारत के सबसे बड़े कर सुधार कहे जा रहे जीएसटी की शुरुआत देश की आजादी की उद्घोषणा के कार्यक्रम की तर्ज पर करने जा रही है। इस नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की शुरुआत 30 जून की आधी रात को संसद के ऐतिहासिक केंद्रीय कक्ष में होगी जहां 15 अगस्त, 1947 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने ऐतिहासिक भाषण 'नियति के साथ मिलन' दिया था।



अब जीएसटी लागू करने के लिए मध्य रात्रि को घंटा बजाकर किया जाएगा ऐलान

आजादी के दिन नेहरू के ऐतिहासिक भाषण 'नियति के साथ मिलन' की तर्ज पर संबोधित करेंगे मोदी

सरकार संभवतः पहली बार नई कराधान प्रणाली शुरू करने के लिए केंद्रीय कक्ष का उपयोग करेगी। नई अप्रत्यक्ष कर प्रणाली 2,000 अरब डालर से अधिक अर्थव्यवस्था को नया रूप देगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जीएसटी लागू होने की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम संभवतः 30 जून को रात 11 बजे शुरू होगा और मध्यरात्रि तक चलेगा। एक जुलाई से जीएसटी लागू होना है। मध्यरात्रि में घंटा बजेगा जो यह रेखांकित करेगा जीएसटी आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्र में मुख्य वक्ता होंगे जहां राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को भी आमंत्रित किया जाएगा। पूर्व संप्रग सरकार में मुखर्जी जब वित्त मंत्री थे, उन्होंने जीएसटी विधेयक को आगे बढ़ाया था। कार्यक्रम के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह भी मौजूद होंगे। इसके अलावा पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा भी केंद्रीय कक्ष में मौजूद रहेंगे।

सूत्रों ने कहा कि सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी कार्यक्रम में आमंत्रित किया जाएगा क्योंकि जीएसटी राजकोषीय संघवाद की दिशा में अप्रत्याशित मुहिम को प्रतिबिंबित करता है। (भाषा)